कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/सी/60115/इन्सपायर अवार्ड/2019–20/ दिनांक : 11.7.19

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक – मुख्यालय
एवं
समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

विषय :– **Implementation of Inspire Award- MANAK Scheme-2019-20 regarding.**

प्रसंग :– **इस कार्यालय समसंख्यक पत्र दिनांक 03.04.2019, शिक्षा (ग्रुप–1)विभाग का पत्रांकः प17(1)शिक्षा–1/2009 पार्ट.।। दिनांक 18.06.2019 एवं विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, नई दिल्ली का अशा. पत्र क्रमांक D.O.No.01/01/2019-1AM दिनांक 21.05.2019**

उपरोक्त विषयान्तर्गत जैसा कि आपको विदित ही है कि **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली** द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के स्कूली विद्यार्थियों (आयुवर्ग 10–15 वर्ष) में सृजनात्मक/नवाचारी सोच विकसित करने के उद्देश्य से **इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना** का संचालन किया जा रहा है। यह योजना देश भर से स्कूली विद्यार्थियों के ऐसे श्रेष्ठ मौलिक/सृजनात्मक विचारों को सम्बल प्रदान करती है जो कि समाजिक आवश्यकताओं एवं उपयोगिता की कसौटी पर खरे उतरते हैं। E-MIAS पोर्टल पर वर्ष 2019–20 हेतु विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन नॉमिनेशन 31 जुलाई, 2019 तक खुले रहेंगे गत वर्ष पोर्टल पर नॉमिनेशन की स्थिति मात्र 33.64 प्रतिशत थी। इस वर्ष 2019–20 में भी नोमिनेशन की स्थिति संतोषजनक नहीं चल रही है। अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने जिले/ब्लॉक के **(माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अधीन संचालित विद्यालयों)** के संस्था प्रधानों को निर्देशित करते हुए प्रत्येक विद्यालय से 2 से 3 श्रेष्ठ नवाचारी विचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का नोमिनेशन अनिवार्यतः करवाना सुनिश्चित करें इस हेतु निम्नांकित बिन्दुओ का विशेष ध्यान रखें :–

1. आपके जिले के वे विद्यालय जो कि E-MIAS Portal पर रजिस्टर्ड नहीं हैं उनके संस्थाप्रधानों को निर्देशित करें कि वे स्वयं अपने विद्यालय का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन उक्त पोर्टल पर आवश्यक रूप से तत्काल करावें। सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्र का कोई विद्यालय इस प्रकिया में छूट न जाए।
2. संस्थाप्रधानों को निर्देशित करे कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थी का ऑनलाईन नॉमिनेशन उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए नवाचारी विचार की गुणवत्ता/श्रेष्ठता के आधार पर किया जावे न कि उसके द्वारा परीक्षाओं में अर्जित प्राप्तांकों के आधार पर।
3. विद्यार्थियो को ऑनलाईन नॉमिनेट करते समय उसके द्वारा प्रस्तुत सृजनात्मक/नवाचारी विचार का सारांश (Synopsis) अपलोड करना आवश्यक है। यह सारांश word या pdf format मे हो सकता है। इसको अपलोड न करने की स्थिति मे विद्यार्थी के नवाचारी विचार का चयन योजना मे नही किया जा सकेगा तथा संस्था प्रधान से इसका कारण भी पूछा जा सकता है।
4. समस्त चयनित नवाचारी विचारों के प्रस्तुतकर्ता विद्यार्थियों के बैंक खातों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा रु. 10,000/– डीबीटी द्वारा जमा करवाते हुए चयनितों की सूची समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक–मुख्यालय के E-MIAS Portal लॉगिन पर उपलब्ध करवाई जावेगी।
5. समस्त चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तरीय इंसपायर अवार्ड प्रदर्शनी मे अनिवार्यतः भाग लेना होगा। इन विद्यार्थियों में से 10 प्रतिशत विद्यार्थियों का चयन कर राज्य स्तरीय इंसपायर अवार्ड प्रदर्शनी मे भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जावेगा।
6. संस्थाप्रधानों को निर्देशित करे कि विद्यालय स्तर पर इस योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु अपने विद्यालय में एक शिक्षक को **इंसपायर प्रभारी** नियुक्त किया जावे जो कि **इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना** से सम्बधित सम्पूर्ण गतिविधियों के संचालन हेतु उतरदायी होगा आप अपने जिले/ब्लॉक के समस्त इंसपायर प्रभारी की सूचना मय फोन नम्बर एकत्रित कर इस कार्यालय को सात दिवस में सूचित करे।

11.7.19
(संजय सेमर)
प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि :–

1. संयुक्त सचिव,विज्ञान एवं प्रौघोगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौघोगिकी मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
2. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1)विभाग, जयपुर
3. निजी सचिव, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर
4. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को भिजवाकर लेख है कि आप अपने अधीनस्थ समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) को उक्त समस्त कार्यवाही करने हेतु पाबन्द करें।
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
6. अनुभाग अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत्।
7. रक्षित पत्रावली।

11.7.19
सहायक निदेशक
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर